प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- विधानसभा के बजट सत्र का आज नौंवा दिन, अनुदान मांगों और कटौती प्रस्ताव पर होगी चर्चा, भाजपा की ओर से बाबूलाल को नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर स्पीकर ने कहा– सदन के संचालन में आसानी होगी, मुख्यमंत्री ने दी बधाई।
- रांची विश्वविद्यालय का 38वां दीक्षांत समारोह आज, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ होंगे शामिल, 63 टॉपरों को मिलेगा स्वर्ण पदक।
- आज जन औषधि दिवस है, इस योजना के जरिये झारखंड में भी जेनेरिक दवाओं के उपयोग को मिल रहा है बढ़ावा, आर्थिक रुप से कमजोर रोगियों ने प्रधानमंत्री के प्रति जताया आभार।
- मौसम विभाग ने 10 मार्च तक तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का जताया पूर्वानुमान, भीषण गर्मी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी।
- हरियाणा के पंचकुला में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चौंपियनशिप में झारखंड ने मिजोरम को एक के मुकाबले तीन गोल से हराया, क्वार्टर फाइनल में बनायी जगह।

*****************

विधानसभा के बजट सत्र का आज नौंवा दिन है। पहली पाली में आज प्रश्नकाल होगा जबकि दूसरी पाली में अनुदान मांगों और कटौती प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इस बीच भाजपा की ओर से बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अब सदन के संचालन में सुविधा होगी।

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्री मरांडी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि श्री मरांडी का नेता प्रतिपक्ष बनना पूरे सदन के लिए गर्व की बात है।

*****************

रांची विश्वविद्यालय का 38वां दीक्षांत समारोह आज मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ , राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदीव्य कुमार समारोह में शामिल होंगे। समारोह के दौरान 63 टॉपरों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जायेगा।

*****************

आज जन औषधि दिवस है। लोगों को सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्येश्य से नवंबर 2008 में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना आरंभ की गई थी। झारखंड में भी इस योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है। राज्य में सैकड़ों भारतीय जन औषधि केंद्र संचालित हैं, जहां लोगों को सस्ती दर पर जेनरिक दवाइयां मिल रही हैं। बोकारो के लाभुकों ने इस जनकल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

बोकारो सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. अरुण कुमार ने बताया कि जन औषधि केन्द्र की दवाइयों और ब्रांडेड दवाइंयों की गुणवत्ता में कोई अंतर नहीं है।

*****************

सरायकेला–खरसावां जिले के दलभगा ओपी क्षेत्र के तरम्बा गांव से पुलिस ने 578 किलोग्राम अवैध डोडा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। डोडे की कीमत करीब 87 लाख रुपये आंकी गई है। यह जानकारी एसडीपीओ समीर कुमार सवैया ने दी।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने अलग–अलग थाना क्षेत्रों से तीन आईईडी विस्फोटक बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर इन सभी विस्फोटकों को जंगल में ही विनष्ट कर दिया गया।

*****************

हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र में छापेमारी कर उत्पाद विभाग ने 17 हजार किलो अवैध जावा महुआ और 12 सौ लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया है। जब्त शराब और जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया है। छापेमारी अभियान के दौरान करीब दो दर्जन भट्ठियों को भी ध्वस्त किया गया। यह अभियान होली के मद्देनजर चलायी गयी।

*****************

खूंटी जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के पोषणयुक्त आहार के साथ साथ पढ़ाई भी करायी जा रही है।

*****************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक  का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है, जिसका प्रकाशन आकाशवाणी के वेबसाईट–www.newsonair.gov.in के Vacancis सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के X हैंडल @airnews_ranchi पर प्रकाशित किया गया है।

योग्य उम्मीदवार संबंधित वेबसाईट से आवेदन–प्रपत्र डाउनलोड कर 26 मार्च 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट से आवेदन–पत्र भेज सकते हैं।

*****************

संक्षिप्त खबरें

- शंकराचार्य द्वारा स्थापित पश्चिमी सिंहभूम जिले के समीज आश्रम में प्रतिवर्ष होने वाले होलिकोत्सव के आयोजन को लेकर चक्रधरपुर रेल मंडल के पोसैता रेलवे स्टेशन पर 8 एक्सप्रेस ट्रेनों को अस्थाई ठहराव दिया गया है। इन ट्रेनों का ठहराव 8 मार्च से 15 मार्च तक होगा।

- हजारीबाग में गोरांग सेवा फाउंडेशन की ओर से शहर के मटवारी गांधी मैदान में सात दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर में राधे कृष्णा की शोभा यात्रा भी निकाली गयी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।
- पलाश द्वारा रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित सामुदायिक प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र में एसएचजी से जुड़ी महिलाओं को प्राकृतिक गुलाल बनाने का प्रशिक्षण का दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हो रही हैं।

*****************

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में रांची समेत राज्यभर में अधिकतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर अभिषेक आनंद ने बताया कि 10 मार्च तक रांची का पारा 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं सूर्यास्त पांच बजकर चौवन मिनट पर होगा। मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव और भीषण गर्मी की संभावना को देखते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक अबू इमरान ने सभी जिलों के लिए एडवाइजरी जारी की है। सभी सिविल सर्जन से गर्मी से प्रभावित मरीजों से निपटने की तैयारी से संबंधित रिपोर्ट मांगी गयी है।

*****************

हरियाणा के पंचकुला में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चौंपियनशिप में झारखंड ने अपने दूसरे मैच में मिजोरम को एक के मुकाबले तीन गोल से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

*****************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है—मंइयां बराबर सामाजिक पेंशन को लेकर खींचतान।

प्रभात खबर की सुर्खी है—बाबूलाल बने भाजपा विधायक दल के नेता, होंगे नेता प्रतिपक्ष।

दैनिक भास्कर लिखता है—चान्हों के आनंद शीला आश्रम में साधु सहित दो की हत्या, चार धराये, दो फरार।

दैनिक जागरण के शब्द हैं—एसडीपीआई के ठिकानों पर पाकुड़ समेत देशभर में इडी की छापेमारी।

***********************